ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/018 लखनऊः दिनॉकः01 /04/2025

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2025 के परीक्षा फार्म भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद कार्यालय के पत्र सं0 प्राशिप/अनु6/2025/12369 दिनांक 26.03.25 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2025 के परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के अनुक्रम में सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून 2025 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भराये जाने संबंधी प्रक्रिया एवं अन्य दिशा–निर्देश निम्नवत् हैः–

1. सभी संस्थाऐं यह सुनिश्चित कर लें कि उनकी संस्था के समस्त छात्र/छात्राऐं परिषद की वेबसाईट पर बने स्टूडेण्ड लॉगिन पर अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 04.04.2025 तक अवश्य पूर्ण कर ले।

2. सूच्य है कि दिनांक 28.03.2025 से सभी छात्र/छात्राओं के प्रोविजनल परीक्षा फार्म संस्था लॉगिन के साथ–साथ स्टूडेण्ट लॉगिन पर भी प्रदर्शित हो रहे हैं। जिसमें परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्रा का विवरण, परीक्षा संबंधी विषयों का पूर्ण विवरण, छात्र/छात्राओं की बेसिक जानकारी, परीक्षा शुल्क विवरण आदि भी प्रदर्शित हो रहा है।

3. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा फार्म में फोटो/हस्ताक्षर/जन्म तिथि/मोबाइल नम्बर तथा अन्य बेसिक विवरण में कोई भिन्नता है, तो संबंधित छात्र/छात्रा अपनी संस्था में सम्पर्क करते हुए दिनांक 04.04.2025 तक संस्था लॉगिन के माध्यम से सही करा सकता है। जिसको आनलाईन पोर्टल पर तत्काल अपडेट कर दिया जायेगा।

4. यदि किसी छात्र/छात्रा के नाम अथवा पिता कि नाम में स्पेलिंग मिस्टेक है तो छात्र/छात्रा स्टूडेण्ट लॉगिन मे जाकर Rectification Marksheet लिंक का उपयोग करते हुए हाईस्कूल प्रमाणपत्र को पोर्टल पर अपलोड करते हुए आवेदन करें तथा अपनी संस्था से सम्पर्क करते हुए संस्था के माध्यम से दिनांक 04.04.2025 तक अपने आवेदन को परिषद कार्यालय को अग्रसारित करवायेंगे।

5. छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म में इलेक्टिव विषय केवल दर्शाया जा रहा है। जबकि इलेक्टिव विषय का चयन तथा विशेष बैक पेपर के छात्र/छात्रा के परीक्षा केन्द्रों का चयन पूर्व की भॉति परीक्षा फार्म को अग्रसारित करते समय संस्था द्वारा किया जायेगा।

6. सभी छात्र अपने स्टूण्डेट लॉगिन के माध्यम से 05 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फार्म सबमिट करेंगे।

7. छात्र/छात्रा के द्वारा शुल्क जमा करने के उपरांत छात्र का परीक्षा फार्म संस्था लॉगिन पर प्रदर्शित होगा जिसे संस्थान द्वारा परिषद को अग्रसारित किया जायेगा।

8. संस्था प्रधानाचार्य अपने संस्था लॉगिन के माध्यम से दिनांक 05 अप्रैल 2025 से 17 अप्रैल 2025 तक छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित कर सकते हैं।

9. दिनांक 17 अप्रैल 2025 की मध्यरात्रि के पश्चात पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी दशा में परीक्षा फार्म परिषद द्वारा स्वीकार नही किये जायेंगे।

10 किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किये जाने के पूर्व संस्था प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित छात्र/छात्रा को परीक्षा में बैठने से रोका तो नही जाना है। पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के उपरांत ही छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किया जाये। परिषद को परीक्षा फार्म अग्रसारित कर दिये जाने के उपरांत परिषद द्वारा यह मान लिया जायेगा कि संबंधित छात्र/छात्रा के परीक्षा में सम्मिलित होने में संस्था को कोई आपत्ति नही है। परीक्षा फार्म को अग्रसारित किये जाने के उपरांत छात्र/छात्रा को परीक्षा से रोके जाने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नही किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार प्रक्रिया एवं निर्देशों का भली भांति अनुसरण करते हुए छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कर एवं संस्था व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को उक्त प्रक्रिया एवं निर्धारित समय–सीमा से अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु06/2025/019–23 तद् दिनांक 01/05/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय के साथ कि उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।